बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-811
22/11/2026

मुख्यमंत्री ने कवि कोकिल महाकवि स्व0 विद्यापति जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 22 नवम्बर 2026 :– कवि कोकिल महाकवि स्व0 विद्यापति जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यापति भवन में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने स्व0 विद्यापति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी, विधायक श्री रत्नेश कुमार, विधायक श्री विनोद नारायण झा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 विद्यापति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन किया गया।

******